दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 299 मुरादाबाद 25 February 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## सपा-बसपा की सरकार होती तो बाजार में ब्लैक हो जाती कोरोना वैक्सीन; CM योगी ने बाराबंकी से साधा निशाना



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के चार चरणों के तहत मतदान हो चुका है। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी से विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर सपा, बसपा की सरकार होती तो कोविड वैक्सीन बाज़ार में ब्लैक हो जाती, फिर वैक्सीन गरीब लोगों को नहीं मिलती। कोरोना की तीसरी लहर कब आई, कब चली गई। किसी को पता ही नहीं चला। बाराबंकी के रामनगर में बुढ़वल चीनी मिल के सामने पार्टी प्रत्याशी शरद कुमार अवस्थी के समर्थन में आयोजित सभा में सीएम योगी ने कहा कि आज कितनी बड़ी-बड़ी रैली हो रही है, कोरोना गायब हो गया है। आप सब जानते हैं कि पिछली सरकारें कैसे आस्था के साथ खिलवाड़ करती थीं। पहले पर्व और त्योहार के वक्त दंगे और कर्फ्यू शुरू हो जाते थे। आज प्रदेश में दंगे नहीं होते। कर्फ्यू नहीं लगता है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में अराजक तत्व दंगा करने कि हिम्मत नहीं जुटा सके क्योंकि उन्हें पता है कि ऐसा करने पर पोस्टर चस्पा हो जाएंगे। वसूली की नोटिस भेज दी जाएगी। ऐसी वसूली जिसे वह जिंदगी भर नहीं चुका पाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के सभी को फ्री राशन दे रही है। सपा सरकार में यह राशन उनके माफिया-गुर्गे बेच देते थे। बसपा सरकार में तो बहन जी के हाथी का पेट ही इतना बड़ा था कि उसमें सब कुछ समा जाता था।

## अमेठी में पीएम नरेन्द्र बोले- भाजपा ना तो 'पिता एंड संस' वाली पार्टी है और ना ही होगी



अमेठी- यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के गढ़ अमेठी में भाजपा के अमेठी, सुलतानपुर तथा रायबरेली के डलमऊ के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां हमेशा संविधान का अपमान करती हैं। परिवारवादी पार्टियां हमारी युवा प्रतिभा का नुकसान करती हैं। इसके विपरीत देश में भाजपा ही ऐसी पार्टी है कि जिसका आज कोई एक अध्यक्ष होता है तो कल कोई और होता है। भाजपा पिता एंड संस की प्राइवेट पार्टी नहीं है और ना ही कभी हो सकती है। परिवारवादी राजनीति में पार्टी का अध्यक्ष परिवार का होता है, सभी महत्वपूर्ण पदों पर उसी परिवार के लोग बैठे होते हैं। महत्वपूर्ण पदों पर दावेदारी उसी परिवार के सदस्यों की होती है। परिवारवादी राजनीति से भी देश का बहुत नुकसान होता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भी उनका हर फैसला वोट बैंक की पॉलिटिक्स के हिसाब से ही होता है। ये फैसला अगर देशहित के खिलाफ हो, तो भी ये नेता उस फैसले को लेने में जरा भी नहीं हिचकते। उनको देश की नहीं वोट बैंक की चिंता रहती है। एक समय था जब इन नेताओं ने वोटबैंक पॉलिटिक्स को, तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया, उसे खाद-पानी दिया। आज वोट बैंक की इसी पॉलिटिक्स ने, तुष्टिकरण की इसी राजनीति ने इन नेताओं को अपना बंधक बना लिया है। अब वोट बैंक की पॉलिटिक्स ही उनकी मजबूरी बन गयी है। पीएम मोदी ने कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद से कांग्रेस में दिक्कत आना शुरू हुई जब एक ही परिवार ने पार्टी पर कब्जा शुरू कर दिया। पूरे देश में बहुत सारी पार्टियां कांग्रेस को देखकर ये सीख गईं और पूरे लोकतंत्र को दीमक की तरह बहुत बड़ा नुकसान कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां यूपी में भी घोर परिवारवादियों ने कांग्रेस कल्चर को ही खुद में पूरा का पूरा उतार लिया है और उसी रंग में रंग गए हैं। बीते कई दशकों से कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, एक ही परिवार की बंधक बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून-नियमों का पालन देश का प्रधानमंत्री भी करता है। प्रधानमंत्री की 100 वर्ष आयु की मां भी करती हैं। मेरी मां 100 वर्ष की हैं और उन्होंने भी लाइन नहीं तोड़ी। जब उनका नंबर आया, तब ही उन्होंने वैक्सीन लगवाई। मेरी मां ने बुस्टर डोज अभी नहीं लगवाया, क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं है। इसी जगह पर अगर ये परिवारवादी सरकार में होते तो सारी लाइनें तोड़कर खुद सबसे पहले वैक्सीन लगवाते। आप ये भी देखिए मैंने भी वैक्सीन तब लगवाई जब नियम से मेरा नम्बर आया। जब वैक्सीनेशन शुरू हुआ तो मोदी खुद दौड़कर सबसे पहले वैक्सीन लगवाने के लिए नहीं पहुंच गया। हमने पहले स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को, सफाई कर्मचारियों को, बुजुर्गों को, गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को वैक्सीन लगवाने का मौका दिया। कोविड वैक्सीन ने कोरोना से लडने् की ताकत हर एक नागरिक में बढ़ा दी है। इसी के कारण देश में आज दुकानें खुली हैं, व्यापार खुला है, स्कूल-कॉलेज खुले हैं। इन परिवारवादियों का वैक्सीन को लेकर जो रवैया रहा है, वो भी पूरे उत्तर प्रदेश, पूरे देश ने देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को तो योगी जी ने दुरुस्त कर ही दिया है। अब हम भी ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि कोई भू-माफिया कभी आपके घर और जमीन को छू भी नहीं सकेगा। हम आपके घर, आपकी जमीन का पक्का कानूनी दस्तावेज तकनीक की मदद से तैयार करके आपको दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के 15 करोड़ लाभार्थियों को इस मुश्किल समय में मुफ्त राशन का डबल बेनिफिट मिल रहा है। यूपी के 1.65 करोड़ परिवारों को हमारी सरकार ने मुफ्त गैस कनेक्शन दिया है। यूपी के 34 लाख गरीब परिवारों को हमारी सरकार ने पक्का घर बनाकर दिया है। मोदी ने कहा कि डर से इन पार्टियों ने अदालत के फैसले का स्वागत करने तक की भी हिम्मत नहीं दिखाई, उनके मुंह पर ताले लग गए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब इन नेताओं ने वोटबैंक की राजनीति, तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया, उसे खाद-पानी दिया। आज वोट बैंक और तुष्टिकरण की इसी राजनीति ने इन नेताओं को अपना बंधक बना लिया है। अब वोट बैंक की राजनीति ही इन दलों की मजबूरी बन गयी है।

## योगी को कुटिया बनाने के लिए दे दूंगा जमीन, कांग्रेस नेता हरीश रावत का तंज

उत्तराखंड में चुनाव संपन्न होने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रचार में जुट गए हैं। बुधवार को प्रयागराज पहुंचे हरीश रावत ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसा और कहा कि हार के बाद उन्हें कुटिया बनाने के लिए उत्तराखंड में जमीन दे देंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि उत्तराखंड में बीजेपी की हार होगी। चुनाव के नतीजे घोषित होने से पहले ही सीएम पद के लिए दावेदारी जताने में जुटे हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस को बहुमत मिलेगा। उन्होंने यूपी में भी बीजेपी की हार का दावा करते हुए सीएम योगी पर कटाक्ष किया। हरीश रावत ने कहा, बीजेपी को उत्तराखंड से भगा दिया गया है। हम सीएम योगी को (यूपी में चुनाव



हारने के बाद) उत्तराखंड में कुटिया बनाने के लिए जगह दे देंगे। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ का जन्म अविभाजित यूपी के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था, जो अब उत्तराखंड में है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सिविल लाइंस के एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेहरू परिवार की पांचवीं पीढ़ी जनता से सेवा का मौका मांग रही है, उसे भी मौका दें। उन्होंने कहा कि मोती लाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के बाद अब राहुल और प्रियंका जनता की सेवा के लिए सामने आए हैं। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा को खदेड़ दिया और अब यूपी में भी ऐसा होगा। प्रयागराज त्रिवेणी संगम का क्षेत्र है। प्रयाग की माटी से कांग्रेस का पुराना नाता है। इस लगाव को अब ऊर्जा देने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यूपी की जनता के अरमान रौंदने का काम किया। ऐसे में अब कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। कोरोनाकाल में लोग बेबसी के हाल में घरों को लौटे। सरकार ने लोगों को मरने के लिए सड़कों पर छोड़ दिया था।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# 40 लीटर अवैध शराब बरामद, दो युवक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस महकमा लगातार सक्रिय है। सिरसिया पुलिस ने छापेमारी कर 40 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। छापेमारी के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शराब के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी के क्रम में एएसपी केशवचन्द्र गोस्वामी व सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन में इकौना थानाध्यक्ष सिरसिया ने गश्त के दौरान मय हमराह कमदी नहर पुलिया के पास से खंटूलाल पुत्र गिरधारी और लल्लन पुत्र पदारथ को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 20- 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इस संबंध में दोनो के विरुद्ध सिरसिया थाने पर आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पत्नी की तलाश में भटकते पति ने पुलिस से पत्नी का मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगा कर पता लगाने की की फरियाद



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- अजय कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी लोधनपुरवा थाना अतर्रा बांदा ने आज पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि मेरी पत्नी 01.02.22 से बड़ोसा तिराहे के पास से मोबाइल से बात करते हुए गायब हो गई। जिसकी काफी देर तलाश करने के बाद संबंधित थाने में पत्नी की गुमशुदगी की सूचना दी है। मगर आज 24दिन बाद भी कुछ पता न चलने पर परेशान हो आज पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच कर पत्नी का मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगा कर पत्नी का पता लगाने की मांग की है।


# परिजनों के व्यवहार से तंग आकर महिला ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई गुहार



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के कोर्राही ग्राम की रहने वाली मुबीना पत्नी कल्लन ने पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि मेरे जेठ वा जेठानी जायजाद में हिस्सा ना देना पड़े इस लिए आए दिन लड़ाई झगडे वा गाली गलौज करते हैं। अब जान से मारने तक की धमकी भी दी है।जिससे तंग आकर आज मुबीना पत्नी कल्लन ने पुलिस अधीक्षक बांदा से उचित कार्यवयी करने की मांग की है।

# अवैध खनन वा अवैध परिवहन करती अछरोड खदान के संचालक



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के अछरोड खदान के संचालक खुले आम दिन रात प्रतिबंधित मशीनों से खनन वा ओवर लोडिग कार्य किया जा रहा है। कहने को तो जिला अधिकारी द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं मगर सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए। साथ ही विधान सभा चुनावों में अधिकारियो की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए अछरोड खदान संचालक अवैध खनन वा परिवहन कराया जा रहा है इस खदान के कांटे में जो केमरे लगे है उनमें ओवर लोडिग दिखाई हो नही देती है। अब देखने वाली बात है की इस खदान वा संचालक पर कब कार्यवायी की जाति हैं।

# छोटी बाजार झंडा चौराहे में हुई शोक सभा



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- शाम पांच पांच बांदा शहर के छोटी बाजार झंडा चौराहे पर बजरंग दल के कार्यकर्ता रहे हर्षा की हत्या पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारियों वा कार्यकर्ताओं ने झंडा चौराहे में एकत्र होकर चंद्र मोहन वेदी जी वा बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारियों ने बजरंग दल के कार्यकर्ता के चित्र पर पुष्पांजलि कर मोन धारण कर उनकी आत्मा की शांति की भगवान से प्रार्थना की गई।

# दातुन तोड़ने में पड़ोसी से हुए विवाद में पडोसी पर जान से मारने का लगाया आरोप



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- रामकिशोर पुत्र अल्दु निवासी झींगा खोड थाना मतोध जिला बांदा ने आज पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि दातुन तोड़ने में पड़ोसी से हुए विवाद में पड़ोसी द्वारा पानी में धकेल कर मफरल से गले में कस कर जान से मारने का लगाया आरोप वा पुलिस अधीक्षक बांदा से उचित कार्यवयी करने की मांग की है।

# पापा-पापा यहां बम फूट रहे हैं, बड़ी घबराहट हो रही है...यूक्रेन में फंसे बच्चों के परिवार वालों की बढ़ी चिंता



यूक्रेन पर रूस के हमले लगातार जारी हैं। रूस की सैन्य कार्रवाई से दुनियाभर में चिंता की लकीरें छा गईं। यूक्रेन और रूस की इस जंग का का असर भारत समेत पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है। रूस की ओर से हमले के बाद यूक्रेन में हजारों भारतीय फंस गए हैं। गुरुवार को यूक्रेन की ओर से एयरस्पेस बंद किए जाने के बाद भारतीय विमान भी वापस लौट आया है। इस बीच यूक्रेन के कीव में भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से शांति से रहने और दृढ़ता के साथ स्थिति का सामना करने की अपील की है। इसके साथ-साथ दूतावास ने वहां रह रहे भारतीयों के लिए तीसरी एडवाइजरी भी जारी कर दी है। वहीं यूक्रेन में फंसे बच्चों को लेकर उनके परिवार वालों में चिंता बढ़ती जा रही है। परिवार वाले भी अपने बच्चों को फोन और वीडियो कॉल के जरिए यूक्रेन के हालात की लगातार जानकारी लेने में जुटे हैं। यूपी के कानपुर, आगरा, फर्रुखाबाद, हरदोई, जालौन समेत कई जिलों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं यूक्रेन और रूस की जंग में फंसकर रह गए। ज्यादातर लोगों ने वीडियो बनाकर प्रधानमंत्री मोदी से यूक्रेन से एयरलिफ्ट कराने की गुहार भी लगाई। हालांकि कुछ बच्चों ने पढ़ाई पूरी होने तक वहीं पर रुकने की भी बात कही है।

### यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया था फर्रुखाबाद का प्रतीक

पापा-पापा बड़ी घबराहट हो रही है। यहां बम पर बम फूटे जा रहे हैं। यह सुनकर घर वाले भी परेशान हो रहे हैं। छात्र की चिंता सताए जा रही है। शमसाबाद सीएचसी में तैनात चीफ फार्मासिस्ट कमलेश बाबू का बेटा प्रतीक यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। यह उसकी चौथी साल है। सुबह से दो बार वह अपने पिता से बात कर चुका है। पिता कमलेश ने बताया कि बेटे ने जानकारी दी है कि सुबह से दोपहर तक उसके घर के नजदीक कई बार बम फूट चुके हैं। तेज धमाके हो रहे हैं। डर लग रहा है। इस पर कमलेश ने अपने बेटे को हिम्मत बंधायी। कहा कि घबराएं न घर से बाहर न निकलें। कमलेश ने बताया कि बेटे ने जानकारी दी है कि यूक्रेन में जो छात्र फंसे हैं उन्हें पास के ही दूसरे शहरों में शिफ्ट करने की तैयारी हो रही है।

### बमबारी के बीच फंसी उरई की दो बेटियां और एक बेटा

यूक्रेन व रूस में शुरू हुई जंग के बीच जिले की दो बेटियां आकृति व छाया सहित एक बेटा विकास फंस गए है। तीनों ही यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई के लिए गए है। दो देशों में छिड़ी जंग से तीनों के ही परिवार के लोगों का बुरा हाल है और परिजन उनकी सही सलामत वापसी की मिन्नत करने के साथ-साथ विदेश मंत्रालय व देश के प्रधानमंत्री से उम्मीद लगाए हुए हैं उनके बच्चों को सही सलामत वापस लाया जाए जबकि यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे कस्बा एट के दो भाई 22 जनवरी को ही वहां के हालात भांपकर अपने घर लौट आए जिससे उनके परिजन खुश है।

### वापस लौटी फ्लाइट से आने वाली थी आकृति

जालौन कस्बे में प्राइवेट स्कूल चलाने वाले शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव की तीन बेटियां अंकुरीति, आकृति व संस्कृति हैं। शैलेंद्र ने अपनी बेटियों को परवान चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सभी बेटियां अच्छे से पढ़ रही हैं जिसमें दूसरे नंबर की बेटी आकृति चित्रांश को उन्होंने उसके ख्वाब को पूरा करने के लिए यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई के लिए भेजा जहां इस समय आकृति यूक्रेन के कीव शहर के बोगोमोलेट्स नेशनल मेडिकल कॉलेज में थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। जब से रूस और यूक्रेन में तनातनी शुरू हुई तभी से शैलेंद्र व उनकी पत्नी पूनम श्रीवास्तव आकृति चित्रांश को लेकर परेशान है।

धमाकों से दहल रहे विकास गुप्ता

जालौन कस्बे में बजाज ऑटो एजेंसी चलाने वाले राम कुमार गुप्ता का लड़का विकास गुप्ता यूक्रेन की नेशनल यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं जिनका इस समय थर्ड ईयर चल रहा है। यूक्रेन में हुए हमले के बाद से उनके परिजनों का बुरा हाल है। मां मीरा गुप्ता भगवान से प्रार्थना करने में जुटी हुई है। परिजनों ने जब विकास से बात की तो उन्होंने सिर्फ इतना बोला कि फिलहाल हम लोग सुरक्षित हैं पर लगातार हो रहे धमाकों से वह लोग दहशत में हैं।या कि फिलहाल वह अपने साथियों के साथ हॉस्टल के बेसमेंट में छिपी हुई है। हॉस्टल के संचालक व अन्य लोगों ने आश्वासन दिया है कि मौका मिलते ही उन लोगों को दूसरे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा।

# 1 मार्च को मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का त्यौहार

सगीर चंकी पांडे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा चल रही है शिव की भक्ति में मगन शिव के जय जय कारे गूंज रहे हैं सड़कों पर, हिंदू रक्षा सेना प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश सक्सेना जीने सभी देशवासियों शिव भक्तों इंसानियत और मानवता को मानने वालों का हाथ जोड़कर किया नमस्कार गुरुजी जगदीश सक्सेना जी ने कहा हम सब प्राणी हैं प्राणी को प्राणी से प्रेम करना चाहिए अब मंदिर ही शिव शिव ही पूजा शिव से बड़ा ना कोई दूजा शिव है तो सुंदर है सुंदर है तो शिव है आने वाली 1 मार्च दिन मंगलवार को महाै शिवरात्रि धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुटे शिव के भक्त महाशिवरात्रि का दिन शिव मिलन शक्ति का दिन है यानी शिव पार्वती विवाह इसी दिन हुआ था शिवरात्रि के दिन प्रदोष काल में या आधी रात के समय स्नान करने के बाद पारद शिवलिंग स्फटिक शिवलिंग की स्थापना करें अब गंगाजल यदि आपके पास गंगाजल नहीं है तो शुद्ध जल में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाएं अब दूध दही शहद शक्कर से भगवान शिव को स्नान कराएं इसके बाद भगवान शिव को चंदन लगाकर फूल बिल पवित्र चढ़ाएं इसके बाद धूप दीप से इसकी पूजा करें इस दिन मां पार्वती का व्रत भी रखा जाता है, आने वाले 1 मार्च दिन मंगलवार को शिव के भक्तों का मेला व कांवर लेकर लौट रहे कांवरियों भोले के भक्तों पहले सम्मान फिर जलपान यही सच्ची मनुष्य योनि का प्रमाण है इंसानियत मानवता इसी का नाम है हम सब को ऐसी सद्बुद्धि ईश्वर दे हम शिव शिव गाते रहें शिव की महिमा का गुणगान करते रहें शिव के जय जय कारे पूरे देश में गूंजे हर जगह हर घर में शिव की धूम गूंजे हम शिव माता पार्वती का भक्त सत सत नमन जाप गुणगान करते रहेंगे यही मनुष्य योनि का प्रमाण है

# युद्ध के बीच यूक्रेन में फंसा छात्र बोला- मां मैं सुरक्षित हूं, जल्द ही वापस आऊंगा

मुरादाबाद- हैलो... मेरे लाल कैलाश। सुना है कि जहां पर तू पढ़ने के लिए गया है, वहां पर माहौल खराब है और गोलीबारी हो रही है। तू जल्दी से अपने घर आ जा। मुझे मेरी चिंता हो रही है। इन्हीं शब्दों के साथ जब एक मां ने यूक्रेन में फंसे अमरोहा के गजरौला निवासी बेटे से बात की तो बेटा भावुक हो गया और बोला, मां, तुम परेशान न होना। मैं सुरक्षित हूं और जल्दी आऊंगा। दरअसल, गजरौला क्षेत्र के गांव सादुल्लेपुर निवासी किसान नरोत्तम राणा का पुत्र कैलाश राणा वर्ष 2016 में यूक्रेन के शहर खरकोव में स्थित बीएमडब्ल्यू कराजिन नामक यूनिर्वसिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए गया था। उसका कोर्स



पूरा होने में मात्र चार माह बचे हैं कि अब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो गया है। पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं वहां से निकलकर अपने-अपने घरों को पहुंचने में लगे हैं। ऐसे ही कैलाश राणा भी वहां पर फंसे हुए हैं। यूक्रेन के माहौल की जानकारी कैलाश के स्वजन को हुई तो वह चिंतित हो गए। गुरुवार को मां राजोदवी ने कैलाश से फोन बात करते हुए यूक्रेन छोड़कर अपने घर आने की बात कही। लेकिन, कैलाश ने खुद को सुरक्षित बताते हुए कोर्स पूरा करने के बाद ही घर लौटने की बात कही है। इस दौरान दैनिक जागरण से हुई बातचीत में कैलाश ने बताया कि मैं और मेरे साथ गुजरात का एक साथी है। हम यूक्रेन की सिटी में रहते हैं।गोलीबारी के साथ धमाके हो रहे हैं। फिलहाल सुरक्षित हैं। सादुल्लेपुर से सुल्तानपुर में जाकर रहने लगा परिवार : कैलाश राणा यूं तो मूलरूप से गांव सादुल्लेपुर के हैं। लेकिन, उनके नाना-नानी की मौत होने के बाद उनका परिवार ननिहाल में खादर क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में पहुंच गया। सात भाई-बहन में कैलाश तीसरे नंबर के हैं। बड़े भाई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस तनाव के बीच कई बार कैलाश से बात हुई। वह खुद को सुरक्षित बता रहा है।

# बेहाल स्वास्थ्य सेवाएं... मुरादाबाद में डेढ़ साल से मशीन का इंतजार कर रही एमआरआइ सेंटर की बिल्डिंग

मुरादाबाद- स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के क्रम में जिला अस्पताल में एमआरआइ की व्यवस्था के लिए बिल्डिंग तैयार हुए डेढ़ साल बीत चुका




है। ओपीडी के सामने बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। डेढ़ साल बीतने के बाद भी मशीन आज तक नहीं आ पाई। हालांकि स्वास्थ्य अधिकारियों का दावा है कि मशीन के लिए कई बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है। इसके बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। चक्कर की मिलक की रहने वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला जैतून बेगम की रीढ़ की हड्डी में तकलीफ है। मंगलवार को उन्होंने जिला अस्पताल की ओपीडी में हड्डी रोग विशेषज्ञ को दिखाया तो उन्होंने एमआरआइ करवाने के लिए कहा। उनकी रीढ़ की हड्डी में पिछले दो माह से दर्द लगातार बना हुआ है। उन्होंने चिकित्सक से बिना एमआरआइ कराए ही दवा लिखने के लिए कहा तो उन्होंने दवा तो लिख दी। साथ ही यह भी बता दिया कि हड्डी की सही स्थिति के अंदाजे के लिए यह जांच तो करानी ही पड़ेगी। बुजुर्ग महिला बोलीं कि हजार, दो हजार रुपये की तो जांच करा सकती हूं। छह हजार रुपये कहां से लेकर आउं। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए एमआरआइ बाजार में कराना मुश्किल है। अस्पताल में सरकारी व्यवस्था के तहत होता तो कम शुल्क में उनकी जांच हो सकती थी। प्रबंधन ने बिल्डिंग तो तैयार करा दी। जांच की व्यवस्था के लिए डेढ़ साल में मशीन नहीं मंगवा पाए हैं। प्रतिदिन दो से तीन मरीजों को एमआरआइ कराने की सलाह दी जाती है।

■ हम लोगों ने मुख्यालय को मशीन उपलब्ध कराने के लिए कई बार रिमाइंडर भेज दिया है। वहीं से देरी हो रही है। जबकि प्रबंधन द्वारा बिल्डिंग से जुड़े सभी काम पूरे कराए जा चुके हैं। - डा. शिव सिंह, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ( कार्यवाहक )

# अमन कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में शांति शांति व्यवस्था पर बनाए रखने पर विचार

सगीर चंकी पांडे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा कोतवाली अमन कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें उप जिलाधिकारी परमानंद क्षेत्र अधिकारी अनूप सिंह कोतवाली निरीक्षक मोहित चौधरी से लेकर प्रशासनिक अधिकारी मौजूद इस मौके पर शहर अमन कमेटी सर मायादार सामाजिक लोग भी मौजूद क्षेत्र अधिकारी अनूप सिंह ने कहा आने वाली महाशिवरात्रि के होली पावन पर्व व शबे बारात सभी त्योहारों को शांति भाईचारे से एक होकर मनाएं सभी हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाई सभी मिलजुल कर अमन शांति को कायम रखते हुए इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कोई भी शरारती तत्व हमारे नगर की शांति व्यवस्था को भंग ना कर पाए हम सबको इस पर कड़ी नजर रखनी चाहिए वे ऐसे शरारती तत्व के लोगों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की मदद करनी चाहिए इसी में हमारे नगर ठाकुरद्वारा सभी लोगों की भलाई है हमें मोहब्बत प्यार से सभी त्यौहार खुशी खुशी मिलजुल कर मनाएं प्रशासन सभी सामाजिक सर मायादार लोगो की मौजूद गी मैं उपस्थिति हम सब आज अमन कमेटी बैठक में मौजूद हुए हैं सभी सम्मानित गण शहर के अमन पसंद भाइयों का हम हाथ जोड़कर शुक्रिया करते हैं प्रशासन की भी आपको साथ देकर मदद करनी चाहिए प्रशासन भी आपकी मदद को हर वक्त तैयार हैं नगर में शांति बनाए रखें

# रंजिशन मारपीट में महिला समेत आठ युवतियां घायल



मुरादाबाद-थाना क्षेत्र के गांव सेफपुर चित्तू मे रंजिशन हुई मारपीट में महिला सहित आठ युवतियां घायल हो गई। गुरुवार को गांव सेफपुर चित्तू में दो पक्षों में रंजिशन गाली-गलौज होने लगी। कुछ ही देर में लाठी-डंडे निकल आए। ईंट-पत्थर चलने लगे। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने 112 पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। मारपीट में आसमा पत्नी मोहम्मद आकिल, शगुफ्ता, फातमा, साहिन,कुबरा, मुस्कान पुत्रियां मोहम्मद आकिल, वहीं दूसरे पक्ष की सना पुत्री नवाब, राबिया पुत्री नवाब घायल हो गईं। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया द्य दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांव गांव नहर नाली , ना लो का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी

सगीर चंकी पांडे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नहर गंदे नाली नाले साफ करने का कार्य चल रहा है जिसमें खंड विकास अधिकारी डॉक्टर मनीष ने ठाकुरद्वारा तहसील के गांव गांव पहुंच कर नहर नाली ना लो मैं ऑडी गंदगी को साफ करने के लिए सफाई कार्य कर्मचारी लगाएं नगर गांव गांव चल रहा है गंदे नाले नालियां साफ करने का कार्य तेजी से चल रहा है इस दौरान देखे गए सफाई कर्मियों से लेकर खंड विकास अधिकारी टीम निरीक्षण करते हुए यह कार्य आने वाली 1 मार्च महाशिवरात्रि के पावन पर्व आने वाली होली वह शबे बारात को देखते हुए तेजी से कराया जा रहा है कई दिनों से नहर गंदे नाले नाली मैं ऑडी गंदगी गंदगी को साफ करा रहे हैं खंड विकास अधिकारी डॉक्टर मनीष लंबे समय से चल रहा है शहर नगर गांव गांव गंदगी को साफ करने का अभियान

*अन्य खबरों के लिए देखे.*

WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

Title Code : UPBIL05086

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

संपादकीय Editorial

# After the fourth stage

The election caravan in Uttar Pradesh has crossed more than half its path. In Goa, Uttarakhand, Punjab, etc., the process of voting for the assembly elections has also been completed. Voting was to be held in seven phases in a vast state like Uttar Pradesh, so the process will go on for a fortnight. The voting process has not started in Manipur yet. There will be voting in two phases, the first phase of which will start on the last day of this month.With the fourth phase of Uttar Pradesh polling on Wednesday, the fate of candidates for more than half of the assembly seats has been decided in the electronic voting machines.

In the fourth phase, out of the 59 seats in nine districts of the state, 50 seats went to the Bharatiya Janata Party's account last time. Therefore, the challenge before the BJP was to save this land this time.While the opposition knew that if it had to strengthen its claim for power, it is only in the fourth phase where it has got the biggest chance. When the stakes were so high, the political upheaval was bound to intensify. However, the impact of the activism of political parties on the public is not visible much. It is consistently visible that in many places the turnout has been lower than last time and where it has been higher, there has not been any unexpected increase.

By reaching the areas where the fourth phase of polling has been held, the narrative of this assembly election has changed a lot. From where we have reached in the first phase of elections, the geography of the place is also very different and the issues have also changed a lot. The political mood of the population changes drastically from western Uttar Pradesh to the Awadh region. The area where the first phase of polling was held was directly affected by the farmers' movement.

But where elections are being held now, this effect is almost non-existent. The only exceptions are the Pilibhit and Lakhimpur Kheri districts of Phase IV. An unfortunate incident had also happened in Lakhimpur Kheri, which may have an impact on the results of this election. Barring these two districts, the remaining seven districts where voting is taking place have quite a different color. These are the areas where no one voter class is very dominant and this fact has made the election here quite interesting.

Another difference is that when the first phase of elections was going on, the fear of a third wave of Kovid was troubling everyone. In view of the danger, there were all kinds of restrictions and there was a complete ban on big rallies.

Now that the third wave is on its way, many of these restrictions have been lifted. However, it has created a mess that people have stopped taking precautions. People are not taking precautions like applying masks or taking care of social distance, this can be seen in the election rally of any party. The restrictions may not be needed as before, but the Election Commission must be pressurized to take precautions.

ताजा अपडेट के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

# Hrithik Roshan to settle down with Saba Azad? Will take seven rounds soon



Bollywood actor Hrithik Roshan has been in constant discussion due to his love life. These days his name is getting associated with singer and actress Saba Azad. Recently, Saba Azad was seen enjoying lunch with the Roshan family. During this, a picture became fiercely viral on social media. After this, the discussion of Hrithik and Saba's wedding (Hrithik Roshan and Saba Azad Wedding) also started happening on social media. Seeing the growing closeness between them, the fans started speculating that both can get married soon. It seems that this guess of the fans is now going to take the form of reality. Yes, it has been revealed in a media report that Hrithik Roshan is very serious about his new friend Saba Azad."Hrithik Roshan can get married – A source close to Hrithik Roshan has informed BollywoodLife that Hrithik Roshan is thinking of settling down again. According to the source, 'Hrithik is very serial about Saba and he wants to take this relationship forward. He is planning to get married. Well nothing has been decided yet. Both are very happy and both are spending quality time these days to get to know each other more and more. Hrithik recently attended the wedding of his special friend Farhan Akhtar and Shibani Dandekar and he was very happy too. He wants to have such a special relationship in his life as well. And now it seems that Saba is that special person for him.' This is how the love story started."After the pictures of Hrithik Roshan and Saba Azad's dinner date surfaced, there were also reports that the two had met through a dating app. Recently it has come to the fore that the conversation between Hrithik and Saba started not through the dating app but through Twitter. Actually Saba Azad had reacted on a post of Hrithik Roshan. After this, the conversation between the two started in the DM (message box). Hrithik Roshan will be seen in these films"Talking about the work front, Hrithik Roshan will soon be seen in big budget films. The names of Vikram Vedha, Fighter and Krrish 4 are included in this list. Talking about Fighter, for the first time through this film, Hrithik and Deepika Padukone will be seen romancing on screen. Siddharth Anand is directing this film. At the same time, apart from the Hrithik Roshan in Vikram Vedha, Saif Ali Khan is also going to be seen in an important role.

# Huma Qureshi is thrilled to be a part of Valimai



Mumbai: Bollywood actress Huma Qureshi says she is thrilled to be a part of the film Valimai. Huma is busy promoting her film Valimai these days. In this film Huma will be seen opposite South Indian star Ajith. In the film Valimai, Huma Qureshi will be seen doing tremendous action as a police officer. Talking about the film, Huma said, "I am very excited to be a part of this film as I am a part of the biggest action film of this year and to be honest I am very happy about it." Huma soon She is going to be seen in the film Gangubai Kathiawadi, directed by Sanjay Leela Bhansali. Alia Bhatt is playing the main character of Gangubai in this film. Ajay Devgan will also be seen in a special role in the film. The film will be released in cinemas on February 24, 2022.

## 2किशोर और दो महिलाओं समेत कुल सात लोग हुए गंभीर रूप से घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मटर से भरा छोटा हाथी टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर पलटा। छोटा हाथी में सवार चार किसान हुए गंभीर रूप से घायल। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती। सभी घायल कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नगला रनुआ के हैं निवासी। एटा के मिरहची थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ हादसा।एटा ब्रेकिंग- दो बाइकों में आमने सामने की हुई भीषण भिड़ंत। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने सभी घायलों को कराया जिला अस्पताल में भर्ती। चिकित्सकों ने 6 गंभीर घायलों को किया हायर सेंटर रेफर। दो किशोर और दो महिलाओं समेत कुल सात लोग हुए गंभीर रूप से घायल। घायल चार लोग बताए जा रहे मुबारकपुर निरहुआ के निवासी। एटा के सकीट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा।

## दहेज हत्या की घटना में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -थाना मिरहची पुलिस को मिली सफलता, दहेज हत्या की घटना में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.02.2022 को थाना मिरहची पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना मिरहची पर पंजीकृत मुअसं-05/2022 धारा 498ए, 304बी भादंवि व 3/4 दहेज अधिनियम में वांछित चल रहे अभियुक्त सोनू उर्फ सोनवीर पुत्र शेर सिंह निवासी कल्यानपुर थाना मिरहची एटा को गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## नालों में बह रहा 'खून' का पानी, अफसरों की चुप्पी

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - लोधा क्षेत्र के अमरपुर कोंडला व मकदूम नगर क्षेत्र में कई मीट फैक्ट्रियां हैं। इन मीट फैक्ट्रियों में हर दिन सैकड़ों पशुओं का कटान होता है। शासन से निर्धारित मानकों के मुताबिक मीट फैक्ट्रियों को परिसर के अंदर ही कटान के मलबे का निस्तारण करना होता है, लेकिन अधिकांश मीट फैक्ट्रियां इसका सही ढंग से निस्तारण नहीं कर पाती हैं। इससे मीट फैक्ट्रियों से खून युक्त पानी निकलता है।ेशान है। वहीं, आसपास के क्षेत्र में बीमारियों फैल रही हैं। जांच के नाम पर भी प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व पशुपालन विभाग की टीमें खाना पूर्ति करती हैं। जिम्मेदार अफसर आंखे मूंदे बैठे हैं। मिलीभगत के चलते यह पूरा खेल चल रहा है। कई बार शिकायत की गई है, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ है।

# जीटी रोड दो महीने के लिए आवागमन होगा दुश्वार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर के जीटी रोड के राहगीरों को दो माह आने-जाने में दिक्कत रहेगी। कारण कि हाथी गेट से पं. दीनदयाल उपाध्याय चौराहे तक सीवर लाइन डालने का काम शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। इसके लिए वहां पहले गहरी खुदाई की जाएगी। गड्ढे की खुदाई और पाइन लाइन बिछाए जाने के करीब दो माह लगेंगे। नवंबर से जीटी रोड पर गोशाला की ओर से हाथी गेट तक सीवर लाइन डाली गई। अभी तक इस सड़क की मरम्मत पूरी नहीं हो सकी है। जल निगम ने अब सीवर लाइन के काम को आगे बढ़ाने की तैयारी कर ली है। सीवर लाइन कार्य के दौरान जीटी रोड पर घंटाघर, बाबूगंज, ठंडी सड़क की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इससे लोगों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हाथी गेट से चंद कदम दूर कोतवाली नगर है। जहां पर कई फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचते हैं। खुदाई के वक्त पुलिसकर्मी समेत फरियादियों के वाहनों का यहां पर पहुंचना बंद हो जाएगा। वहीं आगे घंटाघर और बाबूगंज में कई लोग खरीदारी के लिए आते हैं जिससे इन बाजारों के मुख्य रास्ते बंद हो जाएंगे। ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यह समस्या दो-चार दिन नहीं, बल्कि कम से कम दो महीने रहेगी। जल निगम ने कार्य के लिए दो महीने का समय तय किया है। भारी वाहनों का आवागमन रहेगा वर्जित- जल निगम के अधिशासी अभियंता आरके शर्मा ने बताया कि जीटी रोड पर सीवर लाइन की खुदाई के दौरान अलीगढ़ की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बाईपास से होकर शहर से बाहर निकाला जाएगा। इसी ओर से आने वाले छोटे वाहनों को जीटी रोड के दायीं ओर से निकाला जाएगा। दो महीने में सीवर लाइन का यह काम पूरा करा लिया जाएगा। जीटी रोड पर बने डिवाइडर से कोतवाली नगर की ओर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। आरके शर्मा, अधिशासी अभियंता जल निगम लोग बोले- पहले हाथी गेट से गोशाला तक सीवर लाइन कार्य किया गया था। नगर पालिका और तहसील जाने के लिए लोग महीनों तक परेशान रहे। आगे की ओर तो और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इससे परेशान बहुत ज्यादा हो जाएगी। बौबी सिंह, गांधी मार्केट जीटी रोड का यह हिस्सा शहर का बिल्कुल मध्य और अतिव्यस्त मार्ग है। यहां एक ओर का यातायात प्रभावित होता है तो लोगों को दिन भर जाम से जूझना पड़ेगा। जिम्मेदारों को कोई वैकल्पिक व्यवस्था बनानी चाहिए। आशीष कुमार, बाबूगंज

## मतदाता उत्पीड़न की शिकायत लेकर बसपाई एडीएम सिटी से भिड़े

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - जनपद में मतदाताओं के उत्पीड़न की शिकायत लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे बसपाई एडीएम सिटी राकेश पटेल से भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर गरमागरमी हुई। बसपा जिलाध्यक्ष रतनदीप सिंह का आरोप है कि एडीएम सिटी जातिगत भावना



से काम कर रहे हैं। उन्होंने इनकी शिकायत डीएम के अलावा प्रेक्षक व चुनाव आयोग से भी की। डीएम के हस्तक्षेप के बाद एडीएम वित्त एवं राजस्व ने मामले की सुनवाई करते हुए बसपाइयों का ज्ञापन लिया। वहीं, एडीएम सिटी ने सभी आरोपों का सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि बसपाई जो शिकायत लेकर आए थे, उसका समाधान किया। बसपा जिलाध्यक्ष व्यक्तिगत आरोप लगा रहे थे, यह गलत है। चुनाव आयोग के नियमों के तहत ही चुनाव संपन्न कराया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# "सीमा से आधा पैसा भी न खर्च कर सके प्रत्याशी"

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विधानसभा चुनाव 2022 में महंगाई को देखते हुए चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च की सीमा बढ़ाकर 40 लाख रुपये कर दी थी। एटा में प्रत्याशी इस सीमा की आधी रकम भी नहीं खर्च कर सके। 17 फरवरी तक के विवरण के अनुसार, सदर सीट से सपा प्रत्याशी और जलेसर के भाजपा प्रत्याशी को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश प्रत्याशी 12.94 के भीतर ही खर्च कर सके। 2017 के विधानसभा चुनाव तक प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च सीमा 28 लाख रुपये थी। इस बार यह 40 लाख रुपये कर दी गइ थी। चुनाव खर्च के जो ब्योरे प्रशासन के समक्ष प्रत्याशियों ने पेश किए हैं, उसके मुताबिक जिले में खर्च इस सीमा से काफी पीछे रहा है। 17 फरवरी तक एटा सदर विस सीट पर सपा प्रत्याशी जुगेंद्र सिंह यादव ने सर्वाधिक 17.14 लाख रुपये खर्च किए। वहीं बसपा प्रत्याशी अजय यादव ने 12.94 हजार रुपये से अपना चुनाव खर्च किया। भाजपा प्रत्याशी विपिन वर्मा इन दोनों से पीछे रहे। वे 11.17 लाख रुपये खर्च कर सके। अलीगंज विस में सबसे अधिक 11.12 लाख रुपये सपा प्रत्याशी रामेश्वर सिंह यादव ने खर्च किए। 11.10 लाख रुपये भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह राठौर, बसपा प्रत्याशी जुनैद मियां ने 3.43 लाख रुपये ही है। मारहरा सीट पर भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी ने 12.02 लाख, सपा प्रत्याशी अमित गौरव यादव ने 9.22 लाख और बसपा प्रत्याशी योगेश कुमार ने 8.84 लाख रुपये खर्च किए। जलेसर में भाजपा प्रत्याशी संजीव दिवाकर ने 16.68 लाख, सपा प्रत्याशी रणजीत सुमन ने 10.62 हजार रुपये अपने चुनाव लड़ने पर खर्च किए हैं।

## वेतन भुगतान को लेकर जवाहर तापीय परियोजना में हंगामा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निर्माणाधीन जवाहर विद्युत तापीय परियोजना से जुड़े मजदूरों ने बुधवार सुबह धरना दिया। इनका आरोप है कि इन्हें पांच माह से वेतन नहीं मिला। वे भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। चेतावनी दी कि वेतन नहीं मिला तो वे बृहस्पतिवार को आत्मदाह करेंगे। ऐसे मजदूरों की संख्या 30 बताई जा रही है। वहीं जवाहर विद्युत तापीय परियोजना के मुख्य अभियंता बोले, संबंधित फर्म से बात कर वेतन दिलाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, ऐसे मजदूरों की संख्या 250 बताई जा रही है। बुधवार सुबह सात बजे श्रमिकों का रोजाना की तरह परियोजना परिसर में प्रवेश शुरू हुआ। करीब 30 कर्मियों ने वेतन की मांग की। अधिकारियों ने मना कर दिया तो श्रमिक भड़क गए। उन्होंने गेट पर ही बैठकर धरना शुरू कर दिया। अन्य मजदूरों को भी रोक लिया। बाद में कार्य बहिष्कार करते हुए बाहर आ गए। पूरे दिन काम नहीं किया। अलीगंज निवासी नीलेश कुमार ने बताया कि पांच महीने से उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया गया है। रोजाना एक-दो दिन की बात कहकर टाल दिया जाता है। आज सुबह हमने धरना दिया। अधिकारियों ने बाद में हमें परिसर से बाहर कर दिया। अजय सिंह ने बताया कि दूसान कंपनी ने कई छोटी-छोटी स्थानीय कंपनियों को ठेके दे रखे हैं।

ये कंपनियां मजदूरों के भुगतान को लेकर समस्या खड़ी करती हैं। अधिकांश मजदूर बाहरी जनपदों के हैं। बिहार के भी कई लोग हैं। पांच महीने से वेतन न मिलने की वजह से वे भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। अब हमारी बात नहीं सुनी जाती है तो बृहस्पतिवार को आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे। सात महीने पहले भी हुई थी हड़ताल वेतन न मिलने की वजह से हड़ताल का यह पहला मामला नहीं है। यहां सात महीने पहले भी हड़ताल हो चुकी है। तीन अगस्त को क्बेर एंटरप्राइजेज के श्रमिकों ने हंगामा करते हुए कार्य बहिष्कार कर दिया था। उन्होंने करीब 400 श्रमिकों का चार महीने से वेतन न देने का आरोप लगाया था। अधिकारियों के हस्तक्षेप से हफ्ते भर में मामला शांत हुआ था। प्लांट स्थापना में हो चुकी है देरी 1320 मेगावाट विद्युत उत्पादन के इस प्लांट की स्थापना में पहले ही देरी हो चुकी है। दूसान को इस प्रोजेक्ट का अनुबंध 22 दिसंबर 2016 को दिया गया था। जिसके मुताबिक अप्रैल 2021 तक इससे विद्युत उत्पादन शुरू किया जाना था। बीच में कोरोना काल के चलते कई महीने काम नहीं हो सका और यह पिछड़ गया। वर्तमान में यहां लगभग पांच हजार श्रमिक कार्यरत हैं। मामले की पूरी तरह से जानकारी नहीं है। वेतन को लेकर श्रमिकों की नाराजगी हो जाती है। संबंधित फर्म से बात कर उनका भुगतान दिलाया जाएगा।

# चांदनी बिहारपुर में ओलावृष्टि, फसल की नुकसान से किसान हताश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - बिहारपुर- चांदनी बिहारपुर में आज अचानक आंधी-तूफान के साथ पानी गिरने लगा. इसके बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई. किसानों की फसल भारी मात्रा में प्रभावित हुई है सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के खैरा कोल्हुआ चोगा करौटी ए खोहीर बैजनपाठ तेलाईपाठ कछवारी भून्डा रामगढ़ उमझर रसोकी , अवंतिकापुर महुली सहित कई गांवों अचानक आज 4 बजे हुए ओलावृष्टि ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है ओलावृष्टि से किसानों की फसल बड़ी मात्रा में बर्बाद हुई है. जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर में अचानक आंधी-तूफान के साथ पानी गिरने लगा. इसके बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई.

ओलावृष्टि को देख किसान परेशान हो गए क्योंकि ओलावृष्टि होने से किसानों की सब्जियां और दाल की फसल जैसे आलू, गोभी और अरहर सरसों गेहूं की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है. स्थानीय लोगों की मानें तो ओलावृष्टि में गिरने वाले बर्फ का आकार बड़ा था. अचानक हुए इस ओलावृष्टि के बाद से स्थानीय किसान परेशान है.

# राजस्थान सरकार ने पुरानी पेंशन पर लिया ऐतिहासिक निर्णय,छत्तीसगढ़ में भी जगी आस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर - छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक कुमार गहलोत जी द्वारा किए गए पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी से मांग किया है कि छत्तीसगढ़ में भी nps योजना के स्थान पर ops योजना बहाल करने का निर्णय विधानसभा सत्र में लेवें । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह, प्रदेश प्रचार सचिव अजय सिंह,प्रदेश संगठन सहसचिव मुकेश मुदलियार एवं जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ की फूलमती सारथी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के जनघोषणा पत्र में भी पुरानी पेंशन बहाली का वादा किया गया है राजस्थान सरकार द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लेकर राज्य के कर्मचारियों को राहत दिया गया है बुढापा का सहारा मिल गया है छत्तीसगढ़ में भी शासन को जल्द निर्णय कर लाखो कर्मचारियों के साथ न्याय करना चाहिए । ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई हेतु शिक्षक, लिपिक, पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व अधिकारी, प्राध्यापक व महाविद्यालयीन अधिकारी, स्वस्थ्य कर्मचारी, सीएसईबी, मंत्रालयीन कर्मचारी सभी विभाग के कर्मचारी राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सँयुक्त मोर्चा nmops के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में एकजुट हो चुके है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ में प्रदेश के बड़े बड़े कर्मचारी संघ के संजय शर्मा - छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, वीरेंद्र दुबे - शालेय शिक्षक संघ, लैलूंन भारद्वाज - क्रांतिकारी शिक्षक संघ, रोहित तिवारी - छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, तुलसी साहू - प्रदेश पंचायत सचिव संघ, निर्मल साहू - राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़, डॉ रवि बंजारे - छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक एवं अधिकारी संघ, श्री एस पी देवांगन छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, श्री बी बी जायसवाल सीएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, महेंद्र सिंह रसजपुत मंत्रालयीन कर्मचारी संघ शमिल है जिससे पुरानी पेंशन बहाली हेतु मोर्चा सबसे मुख्य भूमिका में है। छत्तीसगढ़ के जनघोषणा पत्र में है ops बहाली का वादा है इसलिए छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों में भी उम्मीद जग गई है कि जल्द ही पुरानी पेंशन की मांग यहां भी पूर्ण होगी ।

# करोड़ो की प्रधान मंत्री सड़क पर किसकी है नजर क्यों चढाई जा रही भ्रष्टाचार की भेंट

## ठेकेदार पर कौन है मेहरबान विभाग या खादी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बन रहे शंकर चौक पालदनौली से नवाटोला तक 70 किलोमीटर की स्वीकृत सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। जहां एक ओर ग्रामीण ठेकेदार के द्वारा कछुए की चाल से कराये जा रहे निर्माण कार्य से परेशान है। वहीं ठेकेदार इस सड़क निर्माण मे वनांचल क्षेत्र का लाभ उठाते हुए खुलेआम सड़क निर्माण मे भ्रष्टाचार कर रहा है। जहां ठेकेदार के द्वारा वनांचल क्षेत्र का लाभ उठाते हुए पुराने रोड की मटेरियल को जेसीबी से उखाड कर पुनः सडक निर्माण मे उक्त मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है वही लंबे समय के बाद एक बार फिर स्वीकृत हुए सडक के निर्माण में गुणवत्ता को ताक में रख ठेकेदार के द्वारा घटिया स्तर का डब्लू एम एम डालकर और कम मोटाई मे डब्लू एम एम बिछा कर खानापूर्ती किया जा रहा है। और विभागीय अधिकारी स्थल निरीक्षण के बजाये कार्यालय से मानिटरिंग कर मौन संरक्षण दिये बैठे है। ना इन अधिकारीयो को सड़क की गुणवत्ता देखने की फुर्सत है और ना ही लगता है कि इनको सड़क कि गुणवत्ता से कोई लेना देना है। ऐसे घटिया निर्माण का ना कोई मानीटरिंग हो रहा है और ना ही विभाग ऐसे निर्माण पर कोई अंकुश लगा पा रहा है। जिससे एक ओर ठेकेदार की मनमानी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है । वर्षों बाद चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के लोगो को गड्ढे से मुक्ति की आस जगी तो इधर ठेकेदार के सुस्त रवैये के काम और घटिया निर्माण से जल्द सड़क के खराब होने कि चिंता से लोगो मे ठेकेदार और विभाग की मनमानी से आक्रोश व्याप्त है।

### एक एक फिट गड्ढे को कैसे कर दिये नजरअंदाज

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में जहां नेताओ से लेकर जिले के आला अधिकारियों का दौरा इस कदर चला कि क्षेत्र के लोगों की एक ओर उम्मीद जगी की अब हमारे क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित जर्जर सड़क की समस्या और ठेकेदार के कछुए की चाल वाली सड़क निर्माण से मुक्ति के साथ घटिया निर्माण पर अंकुश लग जायेगा लेकिन कई महिनो तक चले नेताओ और अधिकारियों के दौरे लेकिन इन लोगो को भी सड़कों में एक एक फिट गड्ढे और ठेकेदार की घटिया निर्माण पर नजर नही पडी या साहब सड़क की ऐसी दशा देख कर भी कही नजरअंदाज तो नही कर दिये।

### 12 किलोमीटर जाने मे लगता है दो घंटा

प्रधानमंत्री सड़क मे लोगो को अब चलना तो दूर वाहन से महज 12 किलोमीटर का यात्रा करने में सोचना पडता है जहां महज ओडगी पालदनौली चौक से बांक तक जाने मे लोगो को 2 घंटे का समय वाहन से लगता है सड़क में इतने गड्ढे और जर्जर सड़क है कि लोग जान जोखिम में डालकर उस क्षेत्र के लोगों को मजबूरन चलना पड़ता है लेकिन ठेकेदार से लेकर उच्च विभागीय अधिकारियो को यह सड़क की दशा कैसे नजर नही आ रही है समझ से परे है।

# सीईओ ने विभिन्न गौठनों का निरीक्षण कर वर्मी कंपोस्ट बिक्री की व्यवस्था समय अवधि में करने के निर्देश दिए

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर राहुल देव ने सूरजपुर, भैयाथान, ओड़गी विकासखंड के खरसुरा गौठान, करंजी, बतरा, केनापारा, अनरोखा गौठान का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गौठान में संचालित मुर्गी शेड,बकरी शेड, मशरूम उत्पादन, अंजोला टैंक, कोटना, बड़ी विकास, गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट जैसे विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा गौठनो में उपलब्ध वर्मी कंपोस्ट को बिक्री करने की व्यवस्था समय अवधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने चरवाहा कक्ष का अवलोकन किया तथा चरवाहा से भुगतान संबंधी विषयों पर चर्चा की। चरवाहा ने भुगतान हो जाने की बात कही। उन्होंने चरवाहे को गौठान में पशुओं को नियमित लाने कहा है। उन्होंने खरसूरा गौठान के धनलक्ष्मी, जय मां मातेश्वरी, जय मां लक्ष्मी, मां संतोषी महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं से चर्चा की तथा वर्मी कंपोस्ट एवं अन्य गतिविधियों के शेष भुगतान के प्रकरणों को शीघ्र भुगतान करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने करंजी गौठान के निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन शेड को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।` निर्देश दिए। शक्ति महिला ग्राम संगठन स्व समूह द्वारा 1 लाख 17 हजार 7 सौ रुपए का वर्मी कंपोस्ट बिक्री की जा चुकी है। उन्होंने गौठान में उपलब्ध वर्मी कंपोस्ट को शीघ्र उठाव कर बिक्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बत्रा गठन का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया बिजली पानी की व्यवस्था करने एवं मशरूम उत्पादन में वृद्धि करने के निर्देश दिए। सीईओ राहुल देव ने केनापारा गौठान का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने गौठान में फरसा पेड़ की उपलब्धता है लाख लगाकर गौठान को लाख मॉडल के रूप में विकसित करने कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनरोख गौठान में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपसंचालक कृषि श्री डीसी कोसले, पशुधन विकास विभाग डॉक्टर निपेंद्र सिंह, सेक्स संचालक मछली पालन श्री एम एस सोनवानी, सहायक संचालक उद्यान ज्योत्सना मिश्रा, डीएमसी श्री शशिकांत सिंह, ई आरईएस श्री आर एस राजपूत, मनरेगा एपीओ श्री केएम पाठक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।